फाइल सं: F.No: SoJMC&NM/2-6/CUHP/642

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय
पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल
धौलाधार परिसर-I, धर्मशाला, ज़िला काँगड़ा, हि.प्र.- 176215

आज़ादी का अमृत महोत्सव

धर्मशाला – 176215 दिनांक: 07 जून, 2023

फ्री-शिप/शुल्क मुक्ति सम्बंधी सूचना

Notice (Free-Ship/ Fee Concession)

पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल के अंतर्गत नव मीडिया विभाग, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अध्ययनरत द्वितीय, चतुर्थ सत्र के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि **फ्री-शिप/शुल्क मुक्ति (Free-Ship/ Fee Concession)** (शैक्षणिक वर्ष 2022-23) हेतु आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन प्रपत्र सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जमा करवा सकते हैं। आवेदन प्रपत्र जमा करने की **अंतिम तिथि 20 जून 2023** है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

- **आवेदन प्रपत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट या पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।**

न्यूनतम पात्रता:

क. आवेदनकर्ता स्नातकोत्तर कार्यक्रम में विश्वविद्यालय का नियमित विद्यार्थी होना चाहिए।
ख. सभी स्रोतों से उसकी / उस के परिवार की वार्षिक आय रुपए 5.00 लाख सेअधिक नहीं होनी चाहिए
ग. आवेदनकर्ता किसीअन्य स्रोत से छात्रवृत्ति(याँ) / वित्तीय सहायता(यें) आदि प्राप्त न करता हो।
घ. प्रथम अथवा द्वितीय सेमेस्टर में नामांकित विद्यार्थी के पात्रता परीक्षा में न्यूनतम 55% अंक होने चाहिए।
ङ. तृतीय/चतुर्थ सेमेस्टर में नामांकित विद्यार्थी द्वारा पिछले सेमेस्टरों की संयुक्त मेरिट में न्यूनतम 55% अंक (बी+ ग्रेड) का स्कोर होना चाहिए साथ ही वह उस के द्वारा पिछले सेमेस्टरों में लिए गए सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करती/करता हो, उसका आचरण संतोषजनक होना चाहिए और वह विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल का उल्लंघन करने वाली किसी भी प्रकार की गतिविधियों में शामिल नहीं होनी/होना चाहिए। इसकेअतिरिक्त वह पिछले सेमेस्टरों के दौरान लिए गए सभी पाठ्यक्रमों में न्यूनतम 75% अनिवार्य उपस्थिति की शर्त को पूरा करती/करता हो।

अधिष्ठाता
पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल
7/6/23

प्रतिलिपि:

1) सूचना पट्ट एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट।
2) विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3) अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित।
4) अधिष्ठाता, अकादमिक, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित।
5) वित्त अधिकारी, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
6) कुलसचिव महोदय, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित।
7) सहायक कुलसचिव- कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपति महोदय की सूचनार्थ प्रेषित।
8) कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति महोदय की सूचनार्थ प्रेषित।

अधिष्ठाता
पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल